**Question Bank for Final Exam (2021-2022)**

**SUBJECT: HINDI GRADE: SEVEN**

**पाठ्य पुस्तक : वसंत भाग – 2 पाठ -15 से 20**

**बाल महाभारत कथा: पाठ 26 से 40**

**व्याकरण निकुंज : कारक,समास, विलोम शब्द ,मुहावरे,संधि,वाक्य शोधन और अपठित गद्यांश**

---

वसंत भाग - 2

पाठ- 15

नीलकंठ

-महादेवी वर्मा

**1.मोर के दोनों बच्चों को चिड़ीमार कहाँ से पकड़कर लाया था?**

(क) रामगढ़ से (ख) रायगढ़ से (ग) पिथौरागढ़ से (घ) शंकरगढ़ से।

**2.दोनों शावकों ने आरंभ में कहाँ रहना शुरू किया?**

(क) मेज़ के नीचे (ख) रद्दी की टोकरी में

(ग) अलमारी के पीछे (घ) पिंजरे में।

**3.नीलकंठ' पाठ के लेखक कौन हैं?**

(क) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (ख) जैनेंद्र कुमार

(ग) टी० पद्मनाभन (घ) महादेवी वर्मा

**4.बड़े मियाँ के भाषण की तुलना किससे की गई है?**

(क) ड्राइवर से (ख) चिड़ीमार से

(ग) सामान्य ट्रेन से (घ) तूफ़ान मेल से

**5.लेखिका को क्या ज्ञात नहीं हो पाया-**

(क) शावकों की प्रजाति का (ख) नीलकंठ के बढ़ने का रहस्य

(ग) नीलकंठ कब बाकी जानवरों का संरक्षक (घ) अन्य जानवर उसके संरक्षक बन गए।

**6. अन्य जानवर जब व्यस्त होते थे तो नीलकंठ क्या करता था?**

(क) नाचता था (ख) दाना चुगता था

(ग) आराम करता रहता था (घ) उन सभी का ध्यान रखता था।

**7. पक्षी के बच्चे किसी जड़ चित्र की भाँति क्यों लग रहे थे?**

(क) पक्षी के बच्चे छोटे होने के कारण (ख) पिंजड़ा अत्यधिक छोटे होने के कारण

(ग) पिंजड़ा अत्यधिक बड़े होने के कारण (घ) पक्षी के बच्चे के पंख धब्बेदार होने के कारण।

**8. नीलकंठ ने स्वयं को क्या नियुक्त कर लिया था?**

(क) जीव-जंतुओं का सेनापति (ख) संरक्षक

(ग) जीव-जंतुओं का सेनापति एवं संरक्षक दूसरा दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं।

**9. नीलकंठ अपने पक्षियों की सेना कहाँ ले जाता था?**

(क) घूमने-फिरने के स्थार पर (ख) दाना देने के स्थान पर

(ग) पानी-पीने के स्थान पर (घ) कहीं नहीं।

**10. नीलकंठ' खरगोश के बच्चों के कान चोंच से पकड़कर दंडित क्यों करता था?**

(क) जब उसकी बात नहीं मानते थे (ख) जब इधर-उधर भागते थे

(ग) जब वे कोई गड़बड़ करते थे । (घ) जब आपस में लड़ते थे।

## लघु उत्तरीय प्रश्न-

1. नीलकंठ खरगोश के बच्चों के कान चोंच से पकड़कर दंडित क्यों करता था?
2. नीलकंठ के द्वारा दिए गए दंड का क्या परिणाम होता था?
3. जालीघर के अन्य जीव-जंतुओं के प्रति नीलकंठ का क्या व्यवहार था?
4. नीलकंठ जीवों के प्रति प्रेमभाव कैसे व्यक्त करता था?
5. आर्तक्रंदन और पैनी का अर्थ लिखिए।
6. मोर, चील, और बाज़ में एकमात्र समानता क्या है ?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

1. बड़े मियाँ ने मोर लेखिका को ही क्यों बेचा?
2. लेखिका ने दोनों मोर को पिंजड़े में डालने का फैसला क्यों किया?
3. 'कुब्जा के सिवाय सभी पशु-पक्षी एक-दूसरे के मित्र थे।' क्यों?
4. नीलकंठ का कौन सा स्वभाव लेखिका को अच्छा लगता था?
5. 'इस आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर कैसे बज उठा।' यह वाक्य लेखिका के मन में क्यों आता है? यह किस घटना का संकेत था?

## पठित गद्यांश -

1.दोनों नवागंतुकों ने पहले से रहनेवालों में वैसा ही कुतूहल जगाया जैसा नववधू के आगमन पर परिवार में स्वाभाविक है। लक्का कबूतर नाचना छोड़कर दौड़ पड़े और उनके चारों ओर घूम-घूमकर गुटरगूं-गुटरगूं की रागिनी अलापने लगे। बड़े खरगोश सभ्य सभासदों के समान क्रम से बैठकर गंभीर भाव से उनका निरीक्षण करने लगे। ऊन की गेंद जैसे छोटे खरगोश उनके चारों ओर उछलकूद मचाने लगे। तोते मानो भलीभाँति देखने के लिए एक आँख बंद करके उनका परीक्षण करने लगे। उस दिन चिड़ियाघर में मानो भूचाल आ गया |

**1.लेखिका ने नवागंतुकों की संज्ञा किन्हें दी?**

(क) खरगोश के बच्चे को (ख) तीतर के बच्चे को

(ग) मोर के बच्चे को (घ) कबूतर के बच्चे को।

**2. लक्का कबूतर क्या करने लगा?**

(क) नाचने लगा (ख) उड़ने लगा (ग) दाना चुगने लगा (घ) गुटर-गूँ करने लगा।

**3. किस पक्षी के शावक ऊन के गोले के समान दिख रहे थे?**

(क) खरगोश के (ख) मोर के (ग) कबूतर के (घ) बिल्ली के।

**4. तोते दोनों मोर के बच्चों का परीक्षण कैसे कर रहे थे?**

(क) टें-टें करके (ख) दो आँखें बंद करके

(ग) एक आँखें बंद करके (घ) पंख फड़फड़ा करके

5. 'नवागंतुक' का सही संधि-विच्छेद है? ।

(क) नव + गुंतक (ख) न + वागुंतक

(ग) नावगु + तक (घ) नव + आगंतुक।

2. वास्तव में नीलकंठ मर गया था। 'क्यों' का उत्तर तो अब तक नहीं मिल सका है। न उसे कोई बीमारी हुई, न उसके रंग-बिरंगे फूलों के स्तबक जैसे शरीर पर किसी चोट का चिह्न मिला। मैं अपने शाल में लपेटकर उसे संगम ले गई। जब गंगा की बीच धार में उसे प्रवाहित किया गया, तब उसके पंखों की चंद्रिकाओं से बिंबित-प्रतिबिंबित होकर गंगा का चौड़ा पाट एक विशाल मयूर के समान तरंगित हो उठा। नीलकंठ के न रहने पर राधा तो निश्चेष्ट-सी कई दिन कोने में बैठी रही।

**1. कौन मर चुका था?**

(क) राधा (ख) कुब्जा (ग) नीलकंठ (घ) खरगोश।

**2. लेखिका किसकी अंत्येष्टि करने जा रही थी?**

(क) राधा (ख) नीलकंठ (ग) लक्का कबूतर (घ) कुब्जा।

**3. लेखिका नीलकंठ को अंत्येष्टि के लिए कहाँ ले गई ?**

(क) यमुना नदी पर (ख) गंगोत्री-यमुनोत्री (ग) मंदिर (घ) संगम।

**4. लेखिका ने मृत नीलकंठ को किसमें लपेटा?**

(क) कंबल में (ख) बोरे में (ग) अपने शाल में (घ) चादर में।

**5. जल की लहरों में नीलकंठ का रूप कैसे सजीव हो उठा?**

(क) तेज़ सूर्य प्रकाश के कारण (ख) पानी की तेज़ लहरों में

(ग) गंगा-यमुना पर सूर्य की किरणों के प्रकाश पड़ते ही इंद्र धनुषी चमक

(घ) पानी के ठहराव पर।

3. मेरे निरीक्षण के साथ-साथ बड़े मियाँ की भाषा-मेल चली जा रही थी, "ईमान कसम, गुरु जी-चिड़ीमार ने मुझसे इस मोर के जोड़े के नकद तीस रुपये लिए हैं। बारहा कहा, भई ज़रा सोच तो, अभी इनमें मोर की कोई खासियत भी है कि तू इतनी बड़ी कीमत ही माँगने चला! पर वह पूँजी क्यों सुनने लगा। आपका खयाल करके अछता-पछताकर देना ही पड़ा। अब आप जो मुनासिब समझें।" अस्तु, तीस चिड़ीमार के नाम के और पाँच बड़े मियाँ के ईनाम के देकर जब मैंने वह छोटा पिंजड़ा कार में रखा तब मानो वह जाली के चौखटे का चित्र जीवित हो गया। दोनों पक्षी-शावकों के छटपटाने से लगता था मानो पिंजड़ा ही सजीव और उड़ने योग्य हो गया है।

1. गद्यांश के पाठ और लेखिका का नाम लिखिए।

2. लेखिका किसका निरीक्षण कर रही थी?

3. लेखिका ने बड़े मियाँ को भाषण मेल क्यों कहा?

4. तीस चिड़ीमार के नाम के और पाँच बड़े मियाँ ईमान के लेखिका का क्या अभिप्राय है?

5. पक्षी शावक का अर्थ क्या है ?

## पाठ -16

## भोर और बरखा (कविता)

1. **इस कविता में किसको जगाने का प्रयास किया जा रहा है?**

   (क) ग्वाल-बाल को (ख) बालक कृष्ण को (ग) राधा को (घ) कवयित्री को।

2. **दही कौन बिलो रही है?**

   (क) राधा (ख) यशोदा (ग) गोपियाँ (घ) ग्वाल-बाल।

3. **कृष्ण को जगाने के लिए द्वार पर कौन खड़े हैं?**

   (क) सारे ग्वाल-बाल (ख) यशोदा (ग) राधा (घ) देव और दानव।

4. **ग्वाल-बालकों के हाथ में क्या है?**

   (क) मक्खन (ख) रोटी-मक्खन (ग) रोटी (घ) मिसरी।

5. **मीरा को किसके आने की भनक मिली।**

   (क) ग्वाल-बालों के आने की (ख) गोपियों के आने की

   (ग) श्रीकृष्ण के आने की (घ) माँ यशोदा के आने की

6. **इस कविता में किस ऋतु का वर्णन है-**

   (क) सर्द ऋतु का (ख) ग्रीष्म ऋतु (ग) वर्षा ऋतु (घ) वसंत ऋतु।

7. **किसके आने की आहट सुनकर मीरा प्रसन्न हो गई।**

   (क) गोपियों की (ख) ग्वाल-बालों की (ग) श्रीकृष्ण की (घ) सखियों की।

8. **'भोर और बरखा' कविता की रचयिता हैं?**

   (क) सुभद्रा कुमारी चौहान (ख) मीरा बाई (ग) महादेवी वर्मा (घ) विनीता पाण्डेय।

### लघु उत्तरीय प्रश्न-

**1.** ग्वाल- बाल प्रातः काल शोर क्यों कर रहे हैं ?

2.कवयित्री अपने प्रभु से क्या प्रार्थना कर रही है ?

3. मीरा को कौन -सा महीना मनभावन लगता है और क्यों?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-

1. सावन के महीने के सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

2. ब्रज की भोर  और आज की भोर में क्या अंतर आया है, प्रातः काल सुनाई देने वाली आवाज़ों को आधार बनाकर लिखिए |
3. आपका बचपन श्री कृष्ण के बचपन से किस प्रकार भिन्न हो गया है, खान-पान और रहन-सहन के आधार पर लिखिए |

**पठित काव्यांश -**

**जागो बंसीवारे ललना!**
**जागो मोरे प्यारे!**
**रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।**
**गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे॥**
**उठो लालजी! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे।**
**ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै ॥**
**माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।**
**मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै॥**

1. कौन किसे जगाने का प्रयास कर रही है?
2. इस पद में किस समय का चित्रण है?
3. मीरा के प्रभु कौन हैं? वे क्या-क्या करते हैं?
4. ग्वाल-बाल क्या कर रहे हैं?
5. श्रीकृष्ण की शरण में आने पर क्या होता है?

**बरसे बदरिया सावन की।**
**सावन की, मन-भावन की॥**
**सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।**
**उमड़-घुमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की॥**
**नन्हीं-नन्हीं बूंदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।**
**मीरा के प्रभु गिरधर नागर! आनंद-मंगल गावन की।**

1. इस ‘काव्यांश’ में किस ऋतु का वर्णन है ?
2. किसका मन उमंग से भर गया है और क्यों?
3. पद के आधार पर प्राकृतिक वातावरण का चित्रण कीजिए।
4. सावन मास, सुहावना क्यों बन गया?
5. दामिन और उमग्यो का अर्थ लिखिए।

## पाठ -17
## वीर कुँवर सिंह

**1.मंगल पांडे ने अंग्रेजों के विरुद्ध कहाँ बगावत की थी ?**

(क)दानापुर (ख) कानपुर (ग) आज़मगढ़ (घ) बैरकपुर

**2. इनमें कौन-सा वीर प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं था?**
(क) नाना साहेब (ख) तात्या टोपे (ग) सरदार भगत सिंह (घ) रानी लक्ष्मीबाई।

**3. इस पाठ में किस स्थान पर 1857 में भीषण विद्रोह नहीं हुआ था।**
(क) कानपुर (ख) बुंदेलखंड (ग) आजमगढ़ (घ) रूहेलखंड।

**4. अंग्रेज़ी सेना और स्वतंत्रता सेनानियों के मध्य कहाँ भीषण युद्ध हुआ?**
(क) बरेली (ख) कानपुर (ग) आरा (घ) उपर्युक्त सभी।

5. **मंगल पांडे को फाँसी क्यों दी गई?**

(क) एक कत्ल के आरोप में (ख) देशद्रोह के आरोप में
(ग) अंग्रेजों से बगावत के कारण (घ) सेना से भागने के कारण

6. **वीर कुंवर सिंह ने किस संग्राम में भाग लिया?**

(क)1857 के स्वतंत्रता संग्राम में (ख) भारत छोड़ो आंदोलन में
(ग) सविनय अवज्ञा आंदोलन में (घ)1942 के विश्व युद्ध में

7. **किस अंग्रेज सेनापति के साथ कुँवर सिंह का मुकाबला हुआ था?**

(क) सेनापति 'डगलस (ख) कर्नल हंट

(ग) कर्नल रावर्ट (घ) लेफ्टिनेंट जोजफ

8. **कुंवर सिंह की मृत्यु कब हुई?**

(क) 26 अगस्त, 1858 को (ख) 26 अप्रैल, 1858 को
(ग) 10 अगस्त, 1857 को (घ) 26 अगस्त, 1857 को

9. **'वीर कुंवर सिंह' पाठ निम्न में से क्या है?**

(क) कहानी (ख) जीवनी (ग) निबंध (घ) नाटक

10. **मंगल पांडे को फाँसी कब दी गई?**

(क) 10 मई, 1857 को (ख) 8 मई, 1942 को
(ग) 8 अप्रैल, 1958 को (घ) 8 अप्रैल, 1957 को

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

1. **सन् 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की शुरुआत कब और किसने कीय़**
2. **मंगल पांडे की शहादत के बाद सैनिकों ने क्रांति को कैसे आगे बढ़ाया य़**
3. **दिल्ली के अतिरिक्त विद्रोह के और कौन-से प्रमुख केंद्र रहेय़**
4. **कुँवर सिंह को देश भक्ति तथा स्वाधीनता की प्रेरणा किससे मिली ?**
5. **कुँवर सिंह को अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने पर क्यों विवश होना पड़ा?**

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

1. **कुँवर सिंह के बचपन और उनकी शिक्षा-दीक्षा के विषय में विस्तार पूर्वक लिखिए |**
2. **'बसुरिया बाबा' कौन थे? 1857 के संग्राम में उनका क्या योगदान था|**
3. **कुँवर सिंह में साहस और वीरता कूट-कूट कर भरी थी |गंगा पार करने वाली घटना का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए |**
4. **जगदीशपुर के पतन को क्यों नहीं रोका जा सका ?इससे कुँवर सिंह के मनोबल पर क्या असर हुआ ?**
5. **वीर कुँवर सिंह के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख अपने शब्दों में विस्तारपूर्वक कीजिए |**

पठित गद्यांश-

**1.वीर कुंवर सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के साथ लोहा तो लिया ही उन्होंने अनेक सामाजिक कार्य भी किए। आरा ज़िला स्कूल के लिए ज़मीन दान में दी जिस पर स्कूल के भवन का निर्माण किया गया। कहा जाता है कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी, फिर भी वे निर्धन व्यक्तियों की सहायता करते थे। उन्होंने अपने इलाके में अनेक सुविधाएँ प्रदान की थीं। उनमें से एक है-आराजगदीशपुर सड़क और आरा-बलिया सड़क का निर्माण। उस समय जल की पूर्ति के लिए लोग कुएँ खुदवाते थे और तालाब बनवाते थे। वीर कुंवर सिंह ने अनेक कुएँ खुदवाए और जलाशय भी बनवाए।**

**१.वीर कुंवर सिंह ने क्या-क्या सामाजिक कार्य किए?**

(क) स्कूल के लिए जमीन दान दिए (ख) सड़कें बनाए

(ग) कुएँ तथा तलाब बनवाए (घ) उपर्युक्त सभी।

**२. कुंवर सिंह ने आरा की ज़मीन दान में क्यों दी?**

(क) वृद्धाश्रम हेतु (ख) विद्यालय हेतु

(ग) बाग-बगीचे के लिए (घ) स्वतंत्रता सेनानियों के लिए।

**३. कुंवर सिंह ने किस सड़क का निर्माण करवाया?**

(क) आरा (ख) आरा-जगदीशपुर

(ग) आरा से बलिया तक (घ) जगदीशपुर व बलिया।

**४.कुँवर सिंह का व्यक्तित्व कैसा था ?**

(क) उदार (ख) संवेदनशील (ग) परोपकारी (घ) उपर्युक्त सभी।

**५.'लोहा लेना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

(क) बदला देना (ख) परेशान करना (ग) धाक जमाना (घ) उपर्युक्त सभी।

2. दानापुर और आरा की इस लड़ाई की ज्वाला बिहार में सर्वत्र व्याप्त हो गई थी, लेकिन देशी सैनिकों में अनुशासन की कमी, स्थानीय ज़मींदारों का अंग्रेजों के साथ सहयोग करना एवं आधुनिकतम शस्त्रों की कमी के कारण जगदीशपुर का पतन रोका न जा सका। 13 अगस्त को जगदीशपुर में कुँवर सिंह की सेना अंग्रेजों से परास्त हो गई। किंतु इससे वीरवर कुँवर सिंह का आत्मबल टूटा नहीं और वे भावी संग्राम की योजना बनाने में तत्पर हो गए। वे क्रांति के अन्य संचालक नेताओं से मिलकर इस आजादी की लड़ाई को आगे बढ़ाना चाहते थे। कुंवर सिंह सासाराम से मिर्जापुर होते हुए रीवा, कालपी, कानपुर एवं लखनऊ तक गए। लखनऊ में शांति नहीं थी इसलिए बाबू कुँवर सिंह ने आज़मगढ़ की ओर प्रस्थान किया। उन्होंने

आज़ादी की इस आग को बराबर जलाए रखा। उनकी वीरता की कीर्ति पूरे उत्तर भारत में फैल गई। कुँवर सिंह की इस विजय यात्रा से अंग्रेजों के होश उड़ गए।

**१. जगदीशपुर के पतन का प्रमुख कारण क्या था?**
(क) नए शस्त्रों की कमी
(ख) सैनिकों में अनुशासन का आभाव
(ग) ज़मींदारों का अंग्रेजों के साथ सहयोग करना
(घ) उपर्युक्त सभी।

**२. दानापुर और आरा की लड़ाई का क्या परिणाम हुआ।**
(क) स्थानीय लड़ाई बनकर रह गई
(ख) पूरे बिहार में आज़ादी की आग फैल गई
(ग) सारे देश में इसका परिणाम हुआ
(घ) बिहार में चारों तरफ़ आतंक का वातावरण छा गया।

**३. अंग्रेजों से पराजय के बाद कुँवर सिंह का आत्मबल-**
(क) बढ़ गया (ख) टूट गया
(ग) लूट गया (घ) ठीक रहा।

**४. लखनऊ से कुँवर सिंह ने कहाँ प्रस्थान किया?**
(क) कानपुर (ख) मिर्जापुर (ग) आरा (घ) आजमगढ़।

**५. 'वीरता' में 'ता' क्या है?**
(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय (ग) मूलशब्द (घ) अन्य।

## पाठ-18

## संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाज हो गया: धनराज

1. **महाराष्ट्र सरकार ने धनराज को कैसे सम्मानित किया?**
   (क) कार भेंटकर (ख) फ़्लैट भेंटकर

   (ग) स्वर्ण पदक देकर (घ) मोटर साइकिल देकर।

**2. धनराज कहीं आने-जाने के लिए किस वाहन का प्रयोग करते थे?**

(क) बस (ख) मोटर साइकिल (ग) कार (घ) लोकल ट्रेन।

**3. 'बैचलर ऑफ हॉकी' कहने का अभिप्राय क्या है?**

(क) हॉकी में ग्रेजुएट (ख) वरिष्ठ खिलाड़ी

(ग) हॉकी खेल में पारंगत (घ) हॉकी सिखानेवाला

**4. धनराज ने किस उम्र में जूनियर राष्ट्रीय हॉकी खेली?**

(क) चौदह साल (ख) पंद्रह साल (ग) सोलह साल (घ) सत्रह साल में।

**5. धनराज का बचपन कहाँ बीता?**

(क) अमृतसर में (ख) मुंबई में (ग) खिड़की नामक गाँव में (घ) दिल्ली में।

**6. 'संघर्ष के कारण मैं तुनुकमिज़ाजी हो गया'-पाठ किस विधा पर आधारित है?**

(क) एकांकी (ख) संस्मरण (ग) जीवनी (घ) साक्षात्कार।

**7. 1986 ई० में धनराज के जीवन में क्या महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आया?**

(क) खिलाड़ी के रूप में पहचान पाना (ख) राष्ट्रीय टीम में शामिल होना

(ग) क्षेत्रीय टीम में चयन होना (घ) जूनियम हॉकी टीम में चयनित होना।

**8. धनराज की तुनुकमिज़ाजी के कारण थे?**

(क) उन्हें अपने खेल पर गर्व था (ख) कुछ पाने के लिए काफ़ी संघर्ष करना पड़ा

(ग) किसी से मेलजोल से दूर रहना (घ) इनमें से कोई नहीं।

**9. धनराज को सफलता प्राप्त करने के लिए संघर्ष क्यों करना पड़ा?**

(क) अयोग्य होने के कारण (ख) गरीबी के कारण

(ग) लापरवाही के कारण (घ) परिश्रमी होने के कारण।

**10. धनराज के स्वभाव की विशेषता थी?**

(क) अहंकारी होना (ख) दयालु होना

(ग) कर्मठ होना (घ) उपर्युक्त सभी।

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

1. धनराज के स्वभाव का नकारात्मक पक्ष क्या था?
2. धनराज की तुनुकमिज़ाजी का कारण क्या था ?
3. धनराज ने अपने जीवन में सब कुछ संघर्ष से प्राप्त क्यों किया ?
4. अपनी की गई गलतियों के बारे में धनराज का क्या मानना था ?
5. धनराज का बचपन कैसा था ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

1. अपनी गलतियों के लिए माफी माँगना आसान होता है या मुश्किल ?अपनी सोच के आधार पर बताएँ|
2. क्या आप और आपके आसपास के लोग अपनी गलतियों के लिए माफी माँग लेते हैं कोई एक उदाहरण देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए |
3. यदि आप किसी विशेष खेल या क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करना चाहते हैं तो इस हेतु क्या-क्या प्रयास करेंगे ?
4. किन विशेषताओं के कारण हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल माना जाता है विस्तार से लिखिए |

5.धनराज पिल्लै कुशल खिलाड़ी होने के साथ-साथ अच्छे इंसान भी थे उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए

**पठित गद्यांश -**

1.कुछ रुपये ईनाम में मिले थे, मगर आज खिलाड़ियों को जितना मिलता है, उसके मुकाबले में पहले कुछ नहीं मिलता था। मेरी पहली ज़िम्मेदारी थी परिवार में आर्थिक तंगी को दूर करना और उन सबको एक बेहतर जिंदगी देना। विदेश में जाकर खेलने से जो कमाई हुई, उससे मैंने 1994 में पुणे के भाऊ पाटिल रोड पर दो बेडरूम का एक छोटा-सा फ़्लैट खरीदा। घर छोटा ज़रूर है पर हम सबके लिए काफ़ी है। 1999 में महाराष्ट्र सरकार ने मुझे पवई में एक फ़्लैट दिया। वह ऐसा घर है जिसे खरीदने की मेरी खुद की हैसियत कभी नहीं हो पाती।

**1. उपरोक्त गद्यांश के कथन किसके हैं?**

(क) धनराज की भाभी के (ख) माँ के
(ग) स्वयं धनराज के (घ) बड़े भाइयों के।

**2. धनराज की पहली जिम्मेदारी क्या थी?**

(क) माँ की देखभाल करना

(ख) भाई और भाभी की देखभाल करना

(ग) परिवार की आर्थिक तंगी दूर करना

(घ) खेल का अच्छा प्रदर्शन करना।

**3. धनराज ने अपना पहला फ़्लैट कहाँ खरीदा?**

(क) मुंबई में (ख) पुणे में (ग) पवई में (घ) दिल्ली में।

**4. धनराज किस खेल का प्रसिद्ध खिलाड़ी है?**

(क) क्रिकेट (ख) फुटबाल (ग) कबड्डी (घ) हॉकी।

**5. महाराष्ट्र सरकार ने धनराज को किस रूप में सम्मानित किया?**

(क) कार भेंट कर (ख) मैडल भेंट कर (ग) आर्थिक सहायता देकर (घ) फ़्लैट देकर।

2. मेरी पहली ज़िम्मेदारी थी परिवार में आर्थिक तंगी को दूर करना और उन सबको एक बेहतर जिंदगी देना। विदेश में जाकर खेलने से जो कमाई हुई, उससे मैंने 1994 में पुणे के भाऊ पाटिल रोड पर दो बेडरूम का एक छोटा सा फ़्लैट खरीदा। घर छोटा ज़रूर है पर हम सबके लिए काफ़ी है। 1999 में महाराष्ट्र सरकार ने मुझे पवई में एक फ़्लैट दिया। वह ऐसा घर है जिसे खरीदने की मेरी खुद की हैसियत कभी नहीं हो पाती।

**1. गद्यांश के यह वाक्य किसके द्वारा कहे गए हैं ?**

(क) संदीप सिंह (ख)सरदार सिंह (ग)जुगराज सिंह (घ) धनराज पिल्लै

**2. यह खिलाड़ी अपनी किस जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानता है ?**

(क) स्वयं बेहतर जिंदगी जीने को (ख)परिवार वालों को बेहतर जिंदगी देने को

(ग)साथियों को हॉकी खेलने देने को (घ)समाज की उन्नति के लिए काम करने को

**3. खिलाड़ी ने दो बेडरूम वाला फ्लैट कैसे खरीदा ?**

(क) राज्य में खेलने से हुई कमाई से (ख) देश में खेलने से हुई कमाई से

(ग)विदेश में खेलने से हुई कमाई से (घ)उपर्युक्त सभी

**4. महाराष्ट्र सरकार ने धनराज पिल्लै को कैसे सम्मानित किया?**

(क)कार भेंट करके (ख)फ्लैट भेंट करके

(ग)नगद धनराशि देकर (घ)राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र देकर

**5. गद्यांश से हमें क्या संदेश मिलता है?**

(क) कमजोर आर्थिक स्थिति में भी लक्ष्य प्राप्त करने का (ख) गर्व ना करने का

(ग)अपनी ज़िम्मेदारी पूरी करने का (घ)लक्ष्य प्राप्ति के लिए सुदृढ़ आर्थिक स्थिति आवश्यक होने का |

## पाठ-19

## आश्रम का अनुमानित व्यय

**- मोहनदास करमचंद गांधी**

**१.गाँधी जी कुदाल ,फावड़े तथा खुरपों के आलावा बढ़ईगिरी के अनेक सामान की आवश्यकता महसूस कर रहे थे ,क्यों ?**

(क) आश्रम का खर्च कम करने के लिए (ख)लोगों को व्यस्त रखने के लिए

(ग)शारीरिक श्रम को बढ़ावा देने के लिए (घ)बनी बनाई वस्तुओं का महत्व कम करने के लिए

**२. स्टेशन से अतिथि और सामान को लाने के लिए किस साधन का प्रयोग करने की बात हो रही थी?**
(क) कार (ख) ओटो रिक्शा (ग) बैलगाड़ी (घ) रिक्शा।

**३. आश्रम में औज़ारों की आवश्यकता क्यों महसूस हो रही थी?**
(क) ताकि लोग आत्मनिर्भर बनें (ख) ताकि लोग काम करना सीखें
(ग) ताकि आश्रम के छोटे-मोटे काम स्वयं करें (घ) दिए गए उपर्युक्त सभी।

**४. गांधी जी क्या बना रहे थे?**

(क) आश्रम (ख) अहमदाबाद के आश्रम का होने वाला खर्च का ब्यौरा

(ग) अंग्रेजों के विरुद्ध योजनाएँ (घ) उपर्युक्त सभी।

**५. आश्रम में कितनी पुस्तकें रखने की बात हो रही थी?**

(क) 1000 (ख) 1500 (ग) 2000 (घ) 3000

**६. बसूला किसका औज़ार होता है ?**

(क) किसान का (ख) राजमिस्त्री का (ग)बढ़ई का (घ)लोहार का

**७. गांधीजी के अनुसार 1 वर्ष का खर्च किसे उठाना चाहिए था ?**

(क) फरीदाबाद वालों को (ख)अहमदाबाद वालों को

(ग)सूरत वालों को (घ)आश्रम वालों को

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

१. गांधीजी को आश्रम के लिए कितने स्थान की जरूरत थी और क्यों?
२. आश्रम में हर महीने कितने लोगों के बढ़ने का अनुमान था इसके लिए कितने स्थान के आवास की आवश्यकता का अनुमान लगाया गया ?
३. गांधीजी के अनुसार अहमदाबाद को किन -किन मद्दों का खर्च उठाना चाहिए था?
४. लुहार, राजमिस्त्री आदि के औजारों की आवश्यकता क्यों समझी जा रही थी ?
५. शिक्षण संबंधी सामान में देशी हथकरघों को क्यों शामिल किया गया ?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

१. साबरमती आश्रम में लोगों का जीवन यापन कैसा होता होगा विस्तार से लिखें ?
२. गांधी आश्रम में खेती और बढ़ईगिरी के अनेक औज़ार रखना चाहते थे? इसके पीछे छिपी उनकी दूरदर्शिता एवं महत्व का उल्लेख कीजिए |
३. गांधी जी ने आश्रम के अनुमानित खर्च का ब्यौरा क्यों तैयार किया होगा ?

४. गांधी जी एवं नेहरू जी सभी कार्य समय तालिका के अनुसार करते थे |समय तालिका बनाने के क्या लाभ होते हैं ? लिखिए

**पठित गद्यांश -**

**1.**मेरे अनुमान से सब पर कुल पाँच रुपया खर्च आएगा।
रसोई के लिए आवश्यक सामान पर एक सौ पचास रुपये खर्च आएगा।
स्टेशन दूर होगा तो सामान को या मेहमानों को लाने के लिए बैलगाड़ी चाहिए।
मैं खाने का खर्च दस रुपये मासिक प्रति व्यक्ति लगाता हूँ। मैं नहीं समझता कि हम यह खर्च पहले वर्ष में निकाल सकेंगे। वर्ष में औसतन पचास लोगों का खर्च छह हज़ार रुपये आएगा।

**1. रसोई के लिए आवश्यक सामान पर अनुमानित खर्च आएगा।**

(क) एक सौ (ख) एक सौ पचास (ग) एक सौ पच्चीस (घ) दो सौ

**2. गांधी जी ने खाने का खर्च मासिक प्रतिव्यक्ति लगाया थी।**

(क) पाँच रुपए (ख) आठ रुपए (ग) दस रुपए (घ) बारह रुपए

**3. बापू के अनुसार वर्ष में औसतन पचास लोगों का खर्च होगा।**

(क) चार हज़ार (ख) पाँच हज़ार
(ग) छह हज़ार (घ) सात हज़ार

**4. मेरे' का प्रयोग इनमें किसके लिए हुआ है?**

(क) गांधी जी के लिए (ख) आने वाले के लिए
(ग) नेहरू जी के लिए (घ) सरदार पटेल के लिए।

**5. 'आश्रम का अनुमानित व्यय' पाठ है -**

(क) पत्र (ख) लेखा-जोखा (ग)निबंध (घ) कहानी

2. हर महीने औसतन दस अतिथियों के आने की संभावना है। इनमें तीन या पाँच सपरिवार होंगे, इसलिए स्थान की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि परिवारवाले लोग अलग रह सकें और शेष एक साथ।
इसको ध्यान में रखते हुए तीन रसोईघर हों और मकान कुल पचास हज़ार वर्ग फुट क्षेत्रफल में बने तो सब लोगों के लायक जगह हो जाएगी।
इसके आलावा तीन हज़ार पुस्तकें रखने लायक पुस्तकालय और अलमारियाँ होनी चाहिए।

**१. उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**

(क) आश्रम के अनुशासन (ख) आश्रम के नियम

(ग) आश्रम का अनुमानित व्यय (घ) आश्रम का काल्पिनक व्यय।

**२. हर महीने कितने अतिथियों के आने की संभावना थी?**

(क) पाँच (ख) आठ (ग) दस (घ) बारह।

**३. रहने के लिए कितने प्रकार की व्यवस्था थी?**

(क) एक समान (ख) दो प्रकार की (ग) तीन प्रकार की (घ) पाँच प्रकार की।

**४. इस गद्यांश में गांधी जी के किस व्यक्तित्व की झलक मिलती है?**

(क) बलिदान (ख) सच्चाई (ग) त्याग (घ) दूरदर्शिता।

**५. उसको ध्यान में रखते हुए तीन रसोईघर हो। वाक्य में 'तीन' शब्द क्या है?**

(क) क्रिया (ख) विशेषण (ग) संज्ञा (घ) क्रियाविशेषण।

## पाठ -20

## विप्लव -गायन

**-बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'**

**१.इस कविता के रचयिता कौन हैं?**

(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(ग) सुमित्रानंदन पंत (घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।

**२. कवि कैसा गीत नहीं लिख पा रहा है-**

(क) रुद्र गीत (ख) क्रांति गीत (ग) मारक गीत (घ) प्रेम गीत।

**३. कवि देशवासियों को कैसी तान सुनाना चाहता है?**

(क) प्राचीन परंपराओं को समाप्त करने की (ख) परिवर्तन एवं नवनिर्माण करना

(ग) बदलाव की (घ) उपर्युक्त सभी।

**४. 'उथल-पुथल मचने' से कवि का क्या अभिप्राय है?**

(क) विद्रोह का होना (ख) क्रांति का आगमन होना

(ग) आँधी का आना (घ) समाज में परिवर्तन का होना।

**५. कवि अपनी कविता के माध्यम से आह्वान कर रहा है** ?

(क) स्वतंत्रता सेनानियों (ख) देशवासियों से

(ग) नवयुवकों से (घ) सेना से।

**६. कवि समाज में उथल-पुथल क्यों में मचाना चाहता है ?**

(क) समाज की शांति भंग करने के लिए (ख)समाज में फैली जड़ता भगाने के लिए

(ग) सामाजिक संरचना में बदलाव लाने के लिए (घ)समाज की पुनर्रचना के लिए

**७. कवि यह रहस्य समझ गया है कि-**

(क) जीवन का नवनिर्माण क्रांति में है (ख)जीवन के नव निर्माण से क्रांति होती है

(ग)जीवन और क्रांति में संबंध नहीं है (घ)जीवन को क्रांति से बचाना चाहिए

**८. 'सावधान! मेरी वीणा में' कवि ने यहाँ किस शैली का प्रयोग किया है ?**

(क) गुणात्मक (ख)वर्णनात्मक (ग)संबोधन (घ)व्यंग्यात्मक

**९. कविता का शीर्षक 'विप्लव गायन' रखने का उद्देश्य क्या है ?**

(क) समाज को विप्लव से बचाना (ख)समाज को विप्लव से अवगत कराना

(ग) विप्लव के माध्यम से समाज में परिवर्तन लाना (घ)समाज और विप्लव में संबंध बताना

**१०. 'एक हिलोर इधर से आए'- यहाँ किस हिलोर की बात कही गई है ?**

(क) परिवर्तन की लहर की (ख) क्रांति की लहर की

(ग) जीवन को गतिशील बनाने वाली लहर की (घ)उपर्युक्त सभी

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

१.कवि ने यह विप्लव गीत क्यों लिखा होगा ?

२. वीणा में चिंगारियाँ आन  बैठने का आशय क्या है ?

३. क्रांति -गीत के गायन का क्या असर होता है?

४. कवि को महानाश का पोषक सूत्र कहाँ दिखाई पड़ा और क्यों ?

५. कवि के हृदय से निकलने वाले गीत का समाज पर क्या प्रभाव होगा?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

१. आप अपने समाज की किन बुराइयों को दूर करना चाहते हैं और क्यों ? विस्तार से लिखिए |
२. कवि के अनुसार जीवन का रहस्य क्या है ?
३. पुराने  रीति-रिवाजों को ना बदला जाए तो समाज का स्वरूप कैसा होगा ?

**पठित काव्यांश -**

**१.काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों उत्तर लिखिए -**

कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ-
जिससे उथल पुथल मच जाए,
एक हिलोर इधर से आए,
एक हिलोर उधर से आए।
सावधान! मेरी वीणा में
चिनगारियाँ आन बैठी हैं,
टूटी हैं मिज़राबें, अंगुलियाँ
दोनों मेरी ऐंठी हैं।

१. कवि और कविता का नाम लिखिए।
२. कवि अपनी कविता के माध्यम से किसका आह्वान कर रहा है?
३. कवि कैसी तान सुनना चाह रहा है।
४. कवि की वीणा में से कैसे स्वर निकल रहे हैं?
५. कवि की अँगुलियाँ क्यों ऐंठ जाती हैं ?
६. कवि किसके पक्षधर हैं ?

**२.काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

कंठ रुका है महानाश का
मारक गीत रुद्ध होता है,
आग लगेगी क्षण में, हृत्तल में
अब क्षुब्ध-युद्ध होता है।
झाड़ और झंखाड़ दग्ध है
इस ज्वलंत गायन के स्वर से,
रुद्ध-गीत की क्रुद्ध तान है
निकली मेरे अंतरतर से।

**१. कवि विनाश के गीत क्यों गाना चाहता है?**

(क) क्योंकि वह प्राचीनता से तंग आ गया है |

(ख) क्योंकि विध्वंस पर ही नव निर्माण होता है |

(ग) क्योंकि कोमल राग उसे अच्छे नहीं लगते|

(घ) क्योंकि वह अपना प्रभुत्व जगाना चाहता है|

**२. उसका गला क्यों अवरुद्ध है?**

(क)क्योंकि कवि आवेश में भरकर गीत गाता है| (ख)जोर से गाता है|

(ग) गाते -गाते उसकी आवाज़ रुक जाती है | (घ) दिए गए सभी |

**३. कवि के कंठ से निकले गीत का क्या प्रभाव पड़ेगा ?**

**(क**) उसका प्रभाव जम जाएगा | (ख) लोग उसके गुण गाएँगे |

(ग) जीर्ण शीर्ण विचारधाराओं और रूढ़िवादी विचारों का नाश हो जाएगा |

(घ) वह लोगों का मार्गदर्शन करेगा |

**४. आप अपने समाज में क्या परिवर्तन चाहते हैं ?**

(क) भ्रष्टाचार समाप्त हो| (ख) लोग रूढ़ीवादी विचारधाराएँ त्याग दें |

(ग) धार्मिक सद्भावना हो| (घ) दिए गए सभी |

**महाभारत**

**पाठ- 26 से 30**

## शांतिदूत श्री कृष्ण से सातवाँ, आठवाँ और नवाँ दिन

१. **श्री कृष्ण शांति दूत बनकर हस्तिनापुर किसके साथ गए ?**

(क) सहदेव के साथ (ख) सात्यकि के साथ (ग) अकेले (घ) विदुर के साथ

२. **दुर्योधन के भोजन निमंत्रण पर श्रीकृष्ण ने क्या कहा?**

(क) मेरा उद्देश्य पूरा होने पर भोजन का न्योता देना उचित होगा |

(ख) मुझे भूख नहीं है |

(ग) मैं उनके शत्रु पक्ष से संबंध रखता हूँ इसलिए भोजन नहीं कर सकता |

(घ) इनमें से कोई नहीं

३. **श्री कृष्ण ने धृतराष्ट्र की सभा में क्या कहा ?**

(क)पांडवों को आधा राज्य लौटा दो| (ख) उनसे संधि कर लो |

(ग)ऐसा करने से वे तुम्हें युवराज व धृतराष्ट्र को महाराज मानेंगे| (घ)दिए गए सभी |

**४. पांडवों की सेना का सेनानायक कौन बना ?**

(क) द्रुपद (ख)विराट (ग)धृष्टद्‌युमन (घ) शिखंडी

**५. कौरवों का सेनापति कौन था ?**

(क) दुर्योधन (ख)कर्ण (ग) भीष्म (घ) संजय

**६. युधिष्ठिरकौरव सेना की ओर क्यों गए ?**

(क) बड़ों का आशीर्वाद लेने (ख)युद्ध शुरू करवाने (ग)सेना का अनुमान लगाने (घ)संधि का प्रस्ताव लेकर

**७. महाभारत का युद्ध कितने दिन चला ?**

(क) 18 दिन और रात (ख)17 दिन और रात (ग)केवल 18 दिन (घ)लगातार 25 दिन

**८. पांडवों की सेना में सबसे आगे कौन था ?**

(क) श्री कृष्ण (ख) अर्जुन (ग) भीमसेन (घ)राजा विराट

**९. युद्ध के पहले दिन का परिणाम क्या निकला ?**

(क) युद्ध निर्णायक हो गया (ख) पांडव डर गए (ग)कौरव घबरा गए (घ) दोनों के सेनापति मारे गए

**१०. दूसरे दिन के युद्ध की व्यूह- रचना किसने की ?**

(क) धृष्टद्युमन ने (ख)युधिष्ठिर ने (ग)अर्जुन ने (घ)श्री कृष्ण ने

**११. तीसरे दिन के युद्ध में क्या हुआ ?**

(क) कौरव सेना हार गई (ख)पांडव हार गए

(ग)कर्ण युद्ध भूमि छोड़कर भाग गया (घ) भीष्म पितामह ने युद्ध रुकवा दिया |

**१२. भीम के पुत्र का नाम क्या था?**

(क) अभिमन्यु (ख)सहदेव (ग)घटोत्कच (घ)इनमें से कोई

**१३. पाँचवे दिन के युद्ध में सबसे अधिक पराक्रम किसने दिखाया ?**

(क) भीष्म ने (ख) अर्जुन ने (ग) दुर्योधन ने (घ) भीमसेन ने

**१४. छठे दिन के युद्ध में क्या विशेष घटना घटित हुई ?**

(क) श्री कृष्ण ने युद्ध रुकवाया | (ख)दुर्योधन घायल होकर रथ से गिर गया |

(ग)भीष्म पितामह वीरगति को प्राप्त हो गए| (घ) करण में लड़ने से इनकार कर दिया |

**१५. नौवें दिन का युद्ध पराक्रमी कौन कहलाया ?**

(क) भीष्म पितामह (ख) अर्जुन (ग) श्री कृष्ण (घ) अभिमन्यु

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक- दो वाक्य में लिखिए-**

१. श्री कृष्ण को दु:शासन के महल में क्यों ठहराया गया?

२. विदुर को किस बात का भय था ?

३. श्री कृष्ण ने धृतराष्ट्र की सभा में क्या प्रस्ताव रखा?

४. श्री कृष्ण ने दुर्योधन को क्या समझाने की कोशिश की ?

५. गांधारी को सभा में क्यों बुलाया गया?

६. कर्ण ने माँ कुंती के सामने क्या प्रण लियाय़

७. कर्ण ने क्या संकल्प किया थाय़

८. महाभारत के युद्ध में कितने राजा तटस्थ रहे ?

९. अर्जुन के भ्रम को दूर करने हेतु श्री कृष्ण ने युद्ध क्षेत्र में क्या किया?

१०. युद्ध में मानवीय संबंधों का कोई मूल्य नहीं रह गया था, कैसे ?

११. कौरवों की सेना में तीन वीर कौन थे जो अर्जुन का मुकाबला कर सकते थे ?

१२. घटोत्कच कौन था ?भीम को मूर्छित देखकर उसने क्या किया ?

१३. छठे दिन के युद्ध में द्रोण ने क्या किया ?

१४. दुर्योधन के अस्त्र से भीम पर क्या प्रभाव पड़ा?

१५. तीसरे दिन के युद्ध में कौरवों की क्या स्थिति रही ?

**महाभारत**

**पाठ -31 से 40**

**1. दसवें दिन युद्ध की शुरुआत किसने की?**

(क) अर्जुन ने (ख)दुर्योधन ने (ग) शिखंडी ने (घ) भीमसेन ने

**२. भीष्म को शर-शय्या पर किसने पहुँचाया ?**

(क)अर्जुन व शिखंडी ने (ख) अर्जुन वह युधिष्ठिर ने (ग) अर्जुन को विराट ने (घ) अर्जुन ने अकेले

**३. भीष्म ने कर्ण को क्या कहा ?**

(क) कुंती पुत्र होने के कारण पांडवों की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाएं

(ख)युद्ध में वीरता से लड़े

(ग)भीष्म को अकेला ना छोड़े (घ) दु:शासन वध दुर्योधन को अपना भाई समझो

**४. दुर्योधन युधिष्ठिर को कैसे पकड़ना चाहते थे ?**

(क)जीवित (ख) मृत (ग) बंदी अवस्था में (घ)लाचार और बेबस रूप में

**५. क्या युधिष्ठिर पकड़े गए** ?

(क) नहीं (ख) हाँ (ग) वे भाग गए (घ) अर्जुन ने उन्हें छिपा दिया

**६.शकुनि के दो भाई कौन थे?**

(क) भगदत्त व तोमर (ख) वृष्क व भगदत्त (ग) अचक और भगदत्त (घ) वृष्क व अचक

**७. शकुनि के भाइयों को किसने मारा ?**

(क)युधिष्ठिर ने (ख) श्री कृष्ण ने (ग)अर्जुन ने (घ) भीमसेन ने

**८.तेरहवें दिन युद्ध में चक्रव्यूह किसने रचा?**

(क) द्रोण ने (ख) अर्जुन ने (ग) विराट ने (घ) अभिमन्यु ने

**९. चक्रव्यूह में सर्वप्रथम प्रवेश किसने किया?**

(क) धृष्टद्युम्न ने (ख) युधिष्ठिर ने (ग) अभिमन्यु (घ) चकितान ने

**१०. चक्रव्यूह में प्रवेश करके अभिमन्यु ने किसका वध किया?**

(क) दुर्योधन पुत्र लक्ष्मण का (ख) विदुर का (ग) दुःशासन का (घ) भीष्म का

**११. अभिमन्यु की मृत्यु किसके हाथों हुई?**

(क) दुर्योधन के पुत्र के हाथों (ख) दुःशासन के पुत्र के हाथों (ग) स्वयं दुर्योधन से (घ) स्वयं दुःशासन से

**१२.अर्जुन ने क्या प्रतिज्ञा की?**

(क) सूर्यास्त से पूर्व जयद्रथ का वध करूँगा (ख) सूर्यास्त से पूर्व कौरवों का नामोनिशान मिटा दूँगा

(ग) सूर्यास्त से पूर्व यदि कौरव न हारे तो स्वयं मर जाऊँगा (घ) इनमें से कोई नहीं।

**१३. पांडव सेना की शक्ति कमजोर क्यों पड़ गई?**

(क) तीन भागों में बँटने के कारण (ख) अर्जुन के लौट जाने के कारण

(ग) दो भागों में बँट जाने के कारण (घ) इनमें से कोई नहीं

**१४. भीमसेन ने युधिष्ठिर की रक्षा का भार किसे सौंपा ?**

(क)धृतराष्ट्र को (ख) धृष्टद्युम्न को (ग) अर्जुन को (घ) विदुर को

**१५.कर्ण ने भीम को क्यों नहीं मारा?**

(क) वह उससे अधिक ताकतवर था। (ख) वह उसे मन-ही-मन अपना भाई मानता था।

(ग) वह प्रतिज्ञाबद्ध था कि केवल अर्जुन के सिवा किसी पांडव पर हाथ नहीं उठाएगा।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

**१६. भीम ने घमासान युद्ध क्यों किया**?

(क) उसे पुरानी बातें याद आ रही थीं। (ख) वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराना चाहता था।

(ग) वह द्रौपदी के अपमान का बदला लेना चाहता था। (घ) उपर्युक्त सभी

**१७.अर्जुन ने बाण चलाकर भूरिश्रवा की भुजा क्यों काट दी?**

(क) उसने अर्जुन पर वार करना चाहा था।

(ख) सात्यिक अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा था और भूरिश्रवा उस पर वार करने को उद्यत था।

(ग) उसने द्रोणाचार्य को बंदी बना लिया था। (घ) वह युद्ध भूमि से भाग रहा था।

**१८. भूरिश्रवा का वध किसने किया?**

(क) सात्यिक ने (ख) अर्जुन ने (ग) भीम ने (घ) युधिष्ठिर ने

**१९. जयद्रथ का सिर किसने काटा?**

(क) अर्जुन ने (ख) श्रीकृष्ण ने (ग) भीम ने (घ) किसी अन्य ने

**२०. जयद्रथ का सिर कहाँ जाकर गिरा?**

(क) ज़मीन पर (ख) उसके रथ पर (ग) उसके पिता वृद्धक्षत्र की गोद (घ) द्रोणाचार्य के कदमों में

**२१.अश्वत्थामा नाम किसका था?**

(क) हाथी का (ख) द्रोणाचार्य के पुत्र का (ग) हाथी व द्रोणाचार्य के पुत्र, दोनों का (घ) किसी अन्य का

**२२. द्रोणाचार्य का अंत कैसे हुआ?**

(क) युद्ध में लड़ते-लड़ते (ख) धृष्टद्युम्न के छल से

(ग) जब उन्हें अपने पुत्र के मरने की झूठी खबर मिली तो उनके हथियार डाल देने पर धृष्टद्युम्न द्वारा वार करने पर

(घ) भीमसेन के हाथों

**२२.द्रोण की मृत्यु के पश्चात् कौरवों का सेनापति कौन बना?**

(क) कर्ण (ख)शल्य (ग) भीष्म (घ) शकुनि

**२३. दुःशासन का वध किसके हाथों हुआ?**

(क)सहदेव (ख) भीमसेन (ग) अर्जुन (घ) श्रीकृष्ण

**२४. अर्जुन ने कर्ण का वध किस अवस्था में किया?**

(क) जब वह ध्यान मग्न बैठा था। (ख) जब उसके रथ का पहिया जमीन में धँस गया था।

(ग) जब वह भीष्म को देखने गया था। (घ) जब उसने अर्जुन को सर्पमुखास्त्र चलाकर मारना चाहा था।

**२५. शकुनि का वध किसके हाथों हुआ?**

(क) नकुल के (ख) सहदेव के (ग) भीम के (घ) युधिष्ठिर के

**२६. मृत्यु के डर से दुर्योधन कहा छिप गया?**

(क) रथ के नीचे (ख) जलाशय में (ग) एक मंदिर में (घ) भीष्म पितामह की शर शैय्या के पास

**२७. दुर्योधन को किसने मारा?**

(क) अर्जुन ने (ख) भीमसेन ने (ग) युधिष्ठिर ने (घ ) नकुल ने

२८. पांडवों के विनाश की प्रतिज्ञा किसने ली?

(क) दुर्योधन ने (ख) अश्वत्थामा ने (ग) कृपाचार्य ने (घ) कृतवर्मा ने

**२९. दुर्योधन के पश्चात् कौरवों की सेना का सेनापति कौन बना?**

(क) कृपाचार्य (ख) कृतवर्मा (ग) अश्वत्थामा (घ)धृतराष्ट्र

**३०. अश्वत्थामा ने धृष्टद्युम्न और द्रौपदी के पाँच पुत्रों को कैसे मारा?**

(क) युद्ध क्षेत्र में आमने-सामने लड़कर (ख) रात को सोते समय छल से

(ग) दोनों विकल्प सही हैं | (घ) दोनों विकल्प गलत हैं |

**३१. पांडवों ने अश्वत्थामा को कहाँ पकड़ा?**

(क) भीष्म पितामह के पास (ख) गंगातट पर (ग) दुर्योधन के शिविर में (घ) घने जंगलों के बीच

**३२. उत्तरा कौन थी?**

(क)अभिमन्यु की पत्नी (ख) द्रौपदी की बहन (ग) एक दासी (घ) इनमें से कोई नहीं

**३३. उत्तरा ने किसे जन्म दिया?**

(क) पांडवों के वंशज को (ख)अभिमन्यु के पुत्र को (ग) परीक्षित को (घ) दिए गए सभी

**३४. श्रीकृष्ण ने धृतराष्ट्र के समक्ष एक लौह मूर्ति क्यों खड़ी की?**

(क) क्योंकि वे अंधे थे मनुष्य और मूर्ति में फर्क नहीं कर सकते थे।

(ख) क्योंकि उस समय वे बहुत क्रोधित थे जो भी उनके समक्ष जाता वे उसे मार देते।

(ग) क्योंकि उनके बुलाने पर भी पांडव उनसे मिलने नहीं आए

(घ) इनमें से कोई नहीं। थे।

**३५. धृतराष्ट्र ने लौह मूर्ति का क्या किया?**

(क) उसे भीम समझकर चकनाचूर कर डाला। (ख) उसे छूकर देखा।

(ग) युद्ध से परेशान धृतराष्ट्र को मूर्ति से कुछ लेना देना न था। (घ) इनमें से कोई नहीं।

**३६. शोकमग्न युधिष्ठिर ने क्या निर्णय लिया?**

(क) नए सिरे से राज्य की नींव रखने का (ख) वन को जाने का

(ग) धन संपत्ति बटोरने का (घ) राज्याभिषेक की तैयारियाँ जल्द-से-जल्द करने का

**३७. सभी भाइयों व द्रौपदी ने युधिष्ठिर को क्या समझाने का प्रयास किया?**

(क) वन गमन करना ही सही है (ख) राज्य सत्ता संभालो

(ग) भीष्म से सलाह करनी चाहिए (घ) माता कुंती को राजमाता घोषित करो।

**३८. धृतराष्ट्र ने युधिष्ठिर से क्या अनुमति माँगी ?**

(क) राज्य सीमा बढ़ाने की (ख) वल्कल धारण कर वन गमन करने की

(ग) कुछ सुविधाएँ पाने की (घ) सभी मरने वाले वीरों का धर्मकांड करने की

**३९. युधिष्ठिर ने धृतराष्ट्र के अनुमति माँगने पर क्या कहा?**

(क) आप तो राज्य के स्वामी हैं (ख) आप अपने पुत्र युयुत्सु को गद्दी पर बैठाए

(ग) वन मैं चला जाता हूँ (घ) दिए गए सभी

**४०. वन को धृतराष्ट्र के साथ कौन-कौन गए?**

(क) कुंती, गांधारी व संजय (ख) विदुर, गांधारी व कुंती

(ग) कृपाचार्य, कुंती व गांधारी (घ) युधिष्ठिर, गांधारी व कुंती

४१. धृतराष्ट्र, गांधारी व कुंती ने कितने वर्षों तक वन में तपस्वियों का-सा जीवन व्यतीत किया?

(क)दो वर्ष तक (ख) चार वर्ष तक (ग) तीन वर्ष तक (घ)दस वर्ष तक

**४२. महाभारत के युद्ध के पश्चात् श्रीकृष्ण ने कहाँ और कितने वर्षों तक शासन किया?**

(क) द्वारका पर छत्तीस वर्षों तक (ख) मथुरा पर चालीस वर्षों तक

(ग) उत्तर प्रदेश पर बीस वर्षों तक (घ) वृंदावन पर तीस वर्षों तक

**४३. बलराम की मृत्यु कैसे हुई?**

(क)असीम शोक के कारण (ख) अकस्मात

(ग) कृष्ण की मृत्यु का समाचार पाकर (घ) असीम शोक के कारण सामाधिस्थ होने पर

**४४. कृष्ण की मृत्यु किसके हाथों हुई?**

(क) शिकारी के हाथों (ख) लकड़हारे के हाथों

(ग) लोगों का बीच-बचाव करते हुए (घ) कंस के पुत्र के द्वारा

**४५. कृष्ण की मृत्यु के पश्चात् पांडवों का क्या हाल हुआ?**

(क) संसार से विरक्त हो गए (ख) उन्होंने राज्य सत्ता अपने पोते परीक्षित को सौंप दी

(ग) वे द्रौपदी के साथ हिमालय की ओर चले गए (घ) दिए गए सभी

## व्याकरण

## पाठ-कारक

**प्र ) निम्न प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प को चिह्नित कीजिए**

**1.'गृहिणी ने गरीबों को कपड़े दिए।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्ता (ब) संप्रदान (स) कर्म (द) करण

**2.'बंदर नाच दिखाता है।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्ता (ब) संप्रदान (स) कर्म (द) करण

**3.'मोहन चाकू से फल काटता है।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्ता (ब) अपादान (स) कर्म (द) करण

**4.'बाबर्ची चावल से भात पकाता हैं।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) अधिकरण (ब) अपादान (स) कर्म (द) करण

**5. 'रोहन ने धोबी को कपड़े दिए।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) संप्रदान (द) करण

**6. 'सुंदर लाल बहुगुना ने चिपको आंदोलन चलाया।' वाक्य में कौनसा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) संप्रदान (द) करण

**7. 'अंशु की बहिन रागिनी है।' वाक्य में कौन-सा कारक है।**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) संप्रदान (द) संबंध कारक

**8.'मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीडितों को अनाज और कपडे दिए'वाक्य में कौन-सा कारक है ?**

(अ) कर्ता (ब) अपादान (स) संप्रदान (द) करण

**9. 'शीला दौडने में तेज है।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) कर्ता (द) अधिकरण

**10. 'जल में रहकर मगर से बैर रखना अच्छी बात नहीं।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) कर्ता (द) अधिकरण

**11. 'जयपुर दिल्ली से 300 किमी. हैं।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) कर्ता (द) अधिकरण

!

**12. 'रागिनी गुरुजी से नृत्य सीखती है।' वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) अपादान (स) कर्ता (द) अधिकरण

**13. संप्रदान कारक का परसर्ग बताइए?**

(अ) के लिए, में (ब) के लिए, से (स) के लिए, को (द) के लिए, पर

**14. करण कारक का परसर्ग बताइए?**

(अ) के लिए, से (ब) के से द्वारा (स) से, के द्वारा (द) से, पर द्वारा

15. **'राम ने रावण को तीर से मारा।' वाक्य में कौनसा कारक है?**

(अ) कर्ता (ब) कर्म (स) संप्रदान (द) करण

**16. किस वाक्य में अपादान कारक है?**

(अ) राम ने रावण को तीर से मारा (ब) मोहन से अब सहा नहीं जाता।

(स) हिमालय से गंगा निकलती है। (द) चाकू से फल काटो।

**17. 'मेरे घर से आप का घर पाँच किलोमीटर है।' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) करण (ब) संबंध (स) अपादान (द) संबोधन

**18. सोहन ने भूखे को भोजन दिया-इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्म (ब) करण (स) संप्रदान (द) अपादान

**19. 'गीता हाथ से मारती है' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(अ) कर्ता (ब) अपादान (स) अधिकरण (द) करण

**20. कारक चिहनों को यह भी कहा जाता है-**

(अ) अव्यय (ब) संज्ञा चिहन (स) परसर्ग (द) संयोजक

## समास

**1.) समास का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?**

क) संक्षेप (ख) विस्तार (ग) विग्रह (घ) विच्छेद

2.**निम्न में कौन- सा कर्मधारय समास है?**

(क) चक्रपाणी (ख) चतुर्युगम (ग) श्वेतांबर (घ) माता – पिता

**3.पंचतंत्र में कौन सा समास है ?**

क) कर्मधारय (ख) बहूव्रीहि (ग) द्विगु (घ) द्वंद्व

**4.त्रिलोचन में कौन सा समास है**

क) अव्ययीभाव (ख) कर्मधारय (ग) बहूव्रीहि (घ) इनमे से कोई नहीं

**प्र ) निम्न प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प को चिह्नित कीजिए**

**1. पहला पद गिनती का होता है**

(क) द्विगु समास (ख) द्वंद्व समास (ग) तत्पुरुष समास (घ) कर्मधारय समास

**2. विशेषण और विशेष्य साथ-साथ होते हैं**

(क) अव्ययीभाव समास (ग) द्वंद्व समास (ख) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास

**3. दो पदों के मध्य कारक चिह्न आता है**

(क) द्वंद्व समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) अव्ययीभाव समास (घ) कर्मधारय समास

**4. 'महाविद्यालय' समास के विग्रह का सही रूप है**

(क) महान है जो विद्यालय (ख) विद्यालय महान

(ग) महान के लिए विद्यालय (घ) महान विद्यालय है जिसका

**प्र. निम्न में समास के सही भेद को चिह्नित कीजिए**

**1. नीलगाय**

(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) कर्मधारय समास (घ) बहुव्रीहि समास

**2. खट्टा -मीठा**

(क) तत्पुरुष समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वंद्व समास

**3. चरणकमल**

(क) अव्ययीभाव समास (ख) कर्मधारय समास (ग) तत्पुरुष समास (घ) द्विगु समास

**4.चौराहा**

(क) द्विगु समास (ख) बहुव्रीहि समास (ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास

## विलोम शब्द

**प्रश्न 1 – मृदुल का विलोम शब्द है**

(i) कठिन (ii) खराब (iii) रुक्ष (iv) कठोर

**प्रश्न 2 – ऋणात्मक का विलोम शब्द है**

(i) धनात्मक (ii) रिणात्मक (iii) मानात्मक (iv) अनात्मक

**प्रश्न 3 – कलुष का विलोम शब्द है**

(i) पापशून्य (ii) निष्पाप (iii) निष्कलुष (iv) निष्करुण

**प्रश्न 4 – सन्यासी का विलोम शब्द है**

(i) राजा (ii) भोगी (iii) गृहस्थ (iv) इसमें से कोई नहीं

**प्रश्न 5 – स्वकीय का विलोम शब्द है**

(i) स्वीकृत (ii) अस्वीकृत (iii) नारकीय (iv) परकीय

**प्रश्न 6 – एकाधिकार का विलोम शब्द है**

(i) अनेकाधिकार (ii) सर्वाधिकार (iii) पराधिकार (iv) परमाधिकार

**प्रश्न 7 – श्रीगणेश का विलोम शब्द है**

(i) श्रीराधा (ii) विनाश (iii) इतिश्री (iv) इनमे से कोई नहीं

**प्रश्न 8 – आकर्षण का विलोम शब्द है**

(i) आकृष्ट (ii) विकर्षण (iii) अनाकर्षण (iv) पराकर्षण

**प्रश्न 9 – अल्पसंख्यक का विलोम शब्द है**

(i) अतिसंख्यक (ii) बहुसंख्यक (iii) महासंख्यक (iv) बाहुल्य

**प्रश्न 10 – मंद का विलोम शब्द है**

(i) सुस्त (ii) आलस (iii) शीघ्र (iv) त्वरित

**प्रश्न 11 – सूक्ष्म का विलोम शब्द है**

(i) अदृश्य (ii) दृष्टव्य (iii) निश्चित (iv) स्थूल

**प्रश्न 12 – अधुनातन का विलोम शब्द है**

(i) प्राचीन (ii) भूतकालिक (iii) पुरातन (iv) विगतकालीन

**प्रश्न 13 – सृष्टि का विलोम शब्द है**

(i) मरण (ii) प्रलय (iii) वृष्टि (iv) मोक्ष

**प्रश्न 14 – अति का विलोम शब्द है**

(i) न्यून (ii) कम (iii) अल्प (iv) नगण्य

**प्रश्न 15 – बहिरंग का विलोम शब्द है**

(i) अन्तरंग (ii) रंगारंग (iii) जलतरंग (iv) रागरंग

## मुहावरे

**1.) 'बिजली गिरना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) घोर विपत्ति आना

ख) रोषपूर्वक बिगड़ना

ग) चका चौंध होना

घ) दिखाई नही देना

**2.) 'गंगा नहाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) कठिन कार्य पूरा होना

ख) सदाचार का पालन करना

ग) पवित्र होना

घ) कार्य को अधूरा छोड़ना

**3.) 'खेह खाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) खाने का लालची होना

ख) बुरी दशा में रहना

ग) अनुभवी, चालाक होना

घ) आसान समझना

**4.) 'मुँह से दूध टपकना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) महादरिद्र होना

ख) चेहरे से भोलापन झलकना

ग) लालची होना

घ) नासमझ होना

**5.) 'वचन को निभाने वाला' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) नाक रख लेना

ख) चेहरे से भोलापन झलकना

ग) नासमझ होना

घ) लालची होना

**6.) 'वचन को निभाने वाला' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) नाक रख लेना

ख) सवा सोलह आने सही

ग) गाँठ का पूरा

घ) बात का धनी

**7.) 'हाथ न आना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) हाथ फैलाना

ख) हाथों का व्यायाम करना

ग) पकड़ में न आना

घ) बहुत बड़ा होना

**8.) 'अन्धा होना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?**

क) आँखों से दिखाई न देना

ख) विवेक भ्रष्ट होना

ग) जहाँ धाँधली का बोलबाला हो

घ) आँख से काना

**9.) 'सिर फिर जाना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) सर दर्द हो जाना

ख) अहंकारी हो जाना

ग) चक्कर आ जाना

घ) पीछे मुड़कर देखने लगना

**10.) 'घाट-घाट का पानी पीना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?**

क) रोजगार के नए-नए अवसर तलाशना

ख) अत्यन्त लज्जित होना

ग) तरह-तरह का अनुभव प्राप्त करना

घ) अनेक लोगों से मित्रता करना

## वाक्य शोधन

**1) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) पिछले सोमवार को विद्यालय बंद है।

ख) पिछले सोमवार को विद्यालय बंद रहेगा।

ग) पिछले सोमवार को विद्यालय बंद होना है।

घ) पिछले सोमवार को विद्यालय बंद था।

**2) निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए**

क) यह मेरा पुस्तक है।

ख) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।

ग) बंदूक एक उपयोगी शस्त्र है।

घ) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।

**3) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) फल बच्चे को काट कर खिलाओ।

ख) बच्चे को काट कर फल खिलाओ।

ग) बच्चे को फल काट कर खिलाओ।

घ) काटकर फल बच्चे को खिलाओ।

**4 ) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) सीता की चरित्र अच्छा है।

ख) सीता का चरित्र अच्छी है।

ग) सीता की चरित्र अच्छी है।

घ) सीता का चरित्र अच्छा है।

**5) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) उन्हें एक पुत्र है।

ख) उनको एक पुत्र है।

ग) उनका एक पुत्र है।

घ) उनकी एक पुत्र है।

**6) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) कृपया आज का अवकाश देने की कृपा करें।

ख) आज का अवकाश कृपया देने की कृपा करें।

ग) आज का अवकाश देने की कृपा करें ।

घ) आज का कृपया अवकाश देने की

घ) उसे अनुतीर्ण होने की आशंका है।

**7) निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए**

क) मैं गाने की कसरत करता हूं।

ख) मैं गाने का अभ्यास करता हूं।

ग) मैं गाने का शौक करता हूं।

घ) मैं गाने का व्यायाम करता हूं।

# संधि

**प्रश्न - दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ।**

**१ दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को----- कहते हैं ।**

(क) समास (ख) उपसर्ग (ग) संधि (घ) प्रत्यय

**२ दयानंद शब्द में प्रयुक्त संधि का नाम क्या है?**

(क)गुण संधि (ख) दीर्घ संधि (ग) व्यंजन संधि (घ) यण संधि

**३ संधि के कितने प्रकार हैं ?**

(क) चार (ख) पाँच (ग) तीन (घ) सात

**४ इनमें से कौन सा स्वर संधि का उदाहरण नहीं है?**

(क) संयोग (ख) मनोहर (ग) नमस्कार (घ) पवन

**५ कपीश शब्द में प्रयुक्त संधि है-**

(क)वृद्धि संधि (ख) दीर्घ संधि (ग) व्यंजन संधि (घ) यण संधि

**६ इत्यादि का सही संधि विच्छेद है-**

(क)इत+यादि (ख) इति+ यादि (ग) इति+आदि (घ) इत+आदि

**७ अन्वय का सही संधि विच्छेद है-**

(क) अनु+आय (ख) अनु+आय (ग) अनू+अय (घ) अनू+ आय

**८ महेश शब्द का सही संधि विच्छेद चुनिए।**

(क) महे+ईश (ख) महा+ईश (ग) मही+ईश (घ) महा+एश

**९ परोपकार शब्द किस संधि का उदाहरण है?**

(क) विसर्ग संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि (ग) यण संधि

**१० निम्न शब्दों में से दीर्घ संधि युक्त शब्द कौन- सा है ?**

(क) महर्षि (ख) देवेंद्र (ग) सूर्योदय (घ) इनमें से कोई नहीं

## विज्ञापन लेखन

प्रश्न - दिए गए विषयों पर (२५ से ३० शब्दों में )

विज्ञापन तैयार करें।

- रक्तदान शिविर का आयोजन
- कराटे क्लास का आयोजन
- हैंड सैनिटाइजर पर विज्ञापन
- पुस्तक प्रदर्शनी पर विज्ञापन
- शीत पेय पर पर विज्ञापन
- आकर्षक पानी की बोतल पर विज्ञापन
- सस्ता और अच्छा दंतमंजन पर विज्ञापन
- ऑनलाइन शॉपिंग
- बाजार में अनेक किताबों की सेल इस पर विज्ञापन
- कोचिंग क्लास पर विज्ञापन

## अपठित बोध

**गांधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को मानव-मात्र की समानता और स्वतंत्रता के प्रति जागरुक बनाने का प्रयत्न किया। इसी के साथ उन्होंने भारतीयों के नैतिक पक्ष को जगाने और सुसंस्कृत बनाने के प्रयत्न भी किए। गांधी जी ने ऐसा क्यों किया? इसलिए कि वे मानव-मानव के बीच काले-गोरे, या ऊँच-नीच का भेद ही मिटाना प्रयाप्त नहीं समझते थे, वरन उनके बीच एक मानवीय स्वभाविक स्नेह और हार्दिक सहयोग का संबंध भी स्थापित करना चाहते थे।**

**इसके बाद जब वे भारत आए, तब उन्होंने इस प्रयोग को एक बड़ा और व्यापक रुप दिया विदेशी शासन के अन्याय-अनीति के विरोध में उन्होंने जितना बड़ा सामूहिक प्रतिरोध संगठित किया, उसकी मिसाल संसार के इतिहास में अन्यत्र नहीं मिलती। पर इसमें उन्होंने सबसे बड़ा ध्यान इस बात का रखा कि इस प्रतिरोध में कहीं भी कटुता, प्रतिशोध की भावना अथवा कोई भी ऐसी अनैतिक बात न हो जिसके लिए विश्व-मंच पर भारत का माथा नीचा हो। ऐसा गांधी जी ने इसलिए किया क्योंकि वे मानते थे कि बंधुत्व, मैत्री, सदभावना , स्नेह-सौहार्द आदि गुण मानवता रूप टहनी के ऐसे पुष्प हैं जो सर्वदा सुगंधित रहते हैं।**

**1. अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों के पीड़ित होने का क्या कारण था?**

क) निर्धनता धनिकता पर आधारित भेदभाव
ख) रंग-भेद और सामाजिक स्तर से संबंधित भेदभाव
ग) धार्मिक भिन्ता पर आश्रित भेदभाव
घ) विदेशी होने से उत्पन्न मन-मुटाव

**2. गांधी जी अफ्रीकावासियों और भारतीय प्रवासियों के मध्य क्या स्थापित करना चाहते थे?**

क) सहज प्रेम एवं सहयोग की भावना

ख) पारिवारिक अपनत्व की भावना
ग) अहिंसा एवं सत्य के प्रति लगाव
घ) विश्वबंधुत्व की भावना

**3. भारत में गांधीजी का विदेशी शासन का प्रतिरोध किस पर आधारित था?**

क) संगठन की भावना पर
ख) नैतिक मान्यताओं पर
ग) राष्ट्रीयता के विचारों पर
घ) शांति की सदभावना पर

**4. बंधुत्व, मैत्री आदि गुणों की पुष्पों के साथ तुलना आधारित है –**

क) उनकी सुंदरता पर
ख) उनकी कोमलता पर
ग) उनके अपनत्व पर
घ) उनके कायिक प्रभाव पर

**5. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

क) अफ्रीका में गांधी जी
ख) प्रवासी भारतीय और गांधी जी
ग) गांधी जी की नैतिकता
घ) गांधी जी और विदेशी शासन

**प्रस्तुत गद्यांश को पढ़िए और उचित विकल्पों का चयन करके उत्तर दीजिये –**

**राहे पर खड़ा है, सदा से ठूँठ नहीं है। दिन थे जब वह हरा भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था। पर मैंने उसे सदा ठूँठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन, निरवलंब, जैसे पृथ्वी रूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही टंग गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती जितना काला उसका जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो तो शायद उसका-सा 'अभिप्राय' और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया ज़मीन पर डालता जैसे रात की उजियारी चांदनी**

**में।जब से होश संभाला है, जब से आंख खोली है, देखने का अभ्यास किया है, तब से बराबर मुझे उसका निस्पंद, नीरस, अर्थहीन शरीर ही दिख पड़ा है।**

**पर पिछली पीढ़ी के जानकार कहते हैं कि एक जमाना था जब पीपल और बरगद भी उसके सामने शरमाते थे और उसके पत्तों से, उसकी टहनियों और डालों से टकराती हवा की सरसराहट दूर तक सुनाई पड़ती थी। पर आज वह नीरव है, उस चौराहे का जवाब जिस पर उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम चारों और की राहें मिलती हैं और जिनके सहारे जीवन अविरल बहता है। जिसने कभी जल को जीवन की संज्ञा दी, उसने निश्चय जाना होगा की प्राणवान जीवन भी जल की ही भांति विकल, अविरल बहता है। सो प्राणवान जीवन, मानव संस्कृति का उल्लास उपहार लिए उन चारों राहों की संधि पर मिलता था जिसके एक कोण में उस प्रवाह से मिल एकांत शुष्क आज वह ठूँठ खड़ा है। उसके अभाग्यों परंपरा में संभवतः एक ही सुखद अपवाद है – उसके अंदर का स्नेहरस सूख जाने से संख्या का लोप हो जाना। संज्ञा लुप्त हो जाने से कष्ट की अनुभूति कम हो जाती है।**

**1. जनसंकुल का क्या आश्य है?**

क) जनसंपर्क
ख) भीड़भरा
ग) जनसमूह
घ) जनजीवन

**2. आम की छतनार डालियों के कारण क्या होता था?**

क) यात्रियों को ठंडक मिलती थी
ख) यात्रियों को विश्राम मिलता था
ग) यात्रियों की थकान मिटती थी
घ) यात्रियों को हवा मिलती थी

**3. शाखाहीन, रसहीन, शुष्क वृक्ष को क्या कहा जाता है?**

क) नीरस वृक्ष
ख) जड़ वृक्ष
ग) ठूँठ वृक्ष
घ) हीन वृक्ष

**4. आम के वृक्ष के सामने पीपल और बरगद के शरमाने का क्या कारण था?**

क) उसका अधिक हरा-भरा और सघन होना
ख) हवा की आवाज सुनाई देना
ग) अधिक फल फूल लगना
घ) अधिक ऊँचा होना

**5. आम के अभागेपन में संभवतः एक ही सुखद अपवाद था –**

क) उसका नीरस हो जाना
ख) संज्ञा लुप्त हो जाना
ग) सूख कर ठूँठ हो जाना
घ) अनुभूति कम हो जाना

कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा।

उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है।

**(क) जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?**
(i) समय काम के लिए प्रेरणा देता है।
(ii) समय की परवाह लोग नहीं करते।
(iii) समय पर किया गया काम सफल होता है।
(iv) समय बड़ा ही बलवान है।

**(ख) खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है?**
(i) खेत में पौधे नहीं उगते।
(ii) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।
(iii) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है।
(iv) खेत पर मौजूद नहीं रहता।।

**(ग) चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। इस पदबंध का प्रकार होगा**

(i) संज्ञा

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) क्रियाविशेषण

**(घ) बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि**

(i) गरमी शांत न हो।

(ii) फ़सल को लाभ न पहुँचे

(iii) किसान प्रसन्न न हो

(iv) नदी-तालाब न भर जाएँ

**(ङ) गद्यांश का मुख्य भाव क्या है?**

(i) बादल का बरसना

(ii) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना

(iii) किसान का पछतावा करना

(iv) समय का सदुपयोग

सुख विश्वास से उत्पन्न होता है। सुख जड़ता से भी उत्पन्न होता है। पुराने जमाने के लोग सुखी इसलिए थे कि ईश्वर की सत्ता में उन्हें विश्वास था। उस जमाने के नमूने आज भी हैं, मगर वे महानगरों में कम मिलते हैं। उनका जमघट गाँवों, कस्बों या छोटे-छोटे नगरों में है। इनके बहुत अधिक असंतुष्ट न होने का कारण यह है कि जो चीज़ उनके बस में नहीं है, उसे वे अदृश्य की इच्छा पर छोड़कर निश्चित हो जाते हैं। इसी प्रकार सुखी वे लोग भी होते हैं, जो सच्चे अर्थों में जड़तावादी हैं, क्योंकि उनकी आत्मा पर कठखोदी चिड़िया चोंच नहीं मारा करती, किंतु जो न जड़ता को स्वीकार करता है, न ईश्वर के अस्तित्व को तथा जो पूरे मन से न तो जड़ता का त्याग करता है और न ईश्वर के अस्तित्व का, असली वेदना उसी संदेहवादी मनुष्य की वेदना है। पश्चिम का आधुनिक बोध इसी पीड़ा से ग्रस्त है। वह न तो मनुष्य भैंस की तरह खा-पीकर संतुष्ट रह सकता है न अदृश्य का अवलंब लेकर चिंतामुक्त हो सकता है। इस अभागे मनुष्य के हाथ में न तो लोक रह गया है, न परलोक। लोक इसलिए नहीं कि वह भैंस बनकर जीने को तैयार नहीं है और परलोक इसलिए नहीं कि विज्ञान उसका समर्थन नहीं करता। निदान, संदेहवाद के झटके खाता हुआ यह आदमी दिन-रात व्याकुल रहता है और रह-रहकर आत्महत्या की कल्पना करके अपनी व्याकुलता का रेचन करता रहता है।

**क) सुख किनसे उत्पन्न होता है?**

(i) विश्वास

(ii) जड़ता

(iii) (क) व (ख)

(iv) कोई नहीं

**(ख) गाँवों में लोग असंतुष्ट नहीं हैं क्योंकि**

(i) वे अदृश्य पर अपनी चिंता छोड़ देते हैं।

(ii) उनके पास सभी सुविधाएँ हैं।

(iii) वे शक्तिशाली हैं।

(iv) कोई नहीं।

**(ग) सुखी वे होते हैं जो**

(i) जड़ता को स्वीकार नहीं करते

(ii) ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं करते

(iii) (क) व (ख)

(iv) कोई नहीं

**(घ) पश्चिम का आधुनिक बोध किससे पीड़ित है**

(i) संदेहवादी दृष्टि

(ii) आस्तिकवाद

(iii) अस्तित्ववाद:

(iv) कोई नहीं

**(ङ) 'विश्वास' का विलोम है**

(i) अविश्वास

(ii) धोखा

(iii) भेदभाव

(iv) कोई नहीं

सत्य के अनेक रूप होते हैं, इस सिद्धांत को मैं बहुत पसंद करता हूँ। इसी सिद्धांत ने मुझे एक मुसलमान को उसके अपने | दृष्टिकोण से और ईसाई को उसके स्वयं के दृष्टिकोण से समझाना सिखाया है। जिन अंधों ने हाथी का अलग-अलग तरह वर्णन किया वे सब अपनी दृष्टि से ठीक थे। एक-दूसरे की दृष्टि से सब गलत थे और जो आदमी हाथी को जानता था उसकी दृष्टि से सही भी थे और गलत भी थे।

जब तक अलग-अलग धर्म मौजूद हैं तब तक प्रत्येक धर्म को किसी विशेष बाह्य चिह्न की आवश्यकता हो सकती है लेकिन जब बाह्य चिह्न केवल आडंबर बन जाते हैं अथवा अपने धर्म को दूसरे धर्मों से अलग बताने के काम आते हैं तब वे त्याज्य हो जाते हैं।

धर्मों के भ्रातृ-मंडल का उद्देश्य यह होना चाहिए कि वह हिंदू को अधिक अच्छा हिंदू, एक मुसलमान को अधिक अच्छा मुसलमान और एक ईसाई को अधिक अच्छा ईसाई बनाने में मदद करे। दूसरों के लिए हमारी प्रार्थना वह नहीं होनी चाहिए-ईश्वर, तू उन्हें वही प्रकाश दे जो तूने मुझे दिया है, बल्कि यह होनी चाहिए-तू उन्हें वह सारा प्रकाश दे जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।

**(क) लेखक किस सिद्धांत को पसंद करता है?**

(i) सत्य के अनेक रूप हैं।

(ii) सत्य का एक रूप होता है।

(iii) सत्य नश्वर है।

(iv) कोई नहीं।

**(ख) लेखक किस कथा का जिक्र करता है?**

(i) अंधों द्वारा बकरी का वर्णन

(ii) अंधों द्वारा हाथी का वर्णन

(iii) अंधों द्वारा आदमी का वर्णन

(iv) कोई नहीं

**(ग) धर्म की पृथकता दर्शाने के लिए किस चीज़ की आवश्यकता होती है?**

(i) बाह्य चिह्न

(ii) सिद्धांत

(iii) संघ

(iv) समर्थकों की

**(घ) धर्म के भ्रातृ-मंडल का क्या उद्देश्य होना चाहिए?**

(i) हर व्यक्ति अच्छा बने

(ii) धर्म का कट्टर समर्थक बने

(iii) (क) व (ख)

(iv) कोई नहीं

**(ङ) 'सत्य' का तद्भव रूप बताइए।**

(i) सच

(ii) सच्ची

(iii) सत्

(iv) कोई नहीं